तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024



11 दुर्गा पंडाल की रंगोली बनी आकर्षक...





12 मोहरा दुर्गा उत्सव स्थल पर गरबा की धूम







B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


# शक्तिपीठ और पंडालों में दुर्गाष्टमी हवन और कन्या भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नवरात्रि अष्टमी पर शुक्रवार को नगर में देवी पंडालों तथा शक्तिपीठों में विधि–विधान पूर्वक हवन तथा कन्या भोज का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा जोड़े के साथ हवन में शामिल होकर आहुति दी गई। वहीं आज दशहरा पर्व पर आयोजित रामलीला के आयोजित मंचन कार्यक्रम में रावण दहन संपन्न होने के पश्चात भगवान राम अपनी ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ जंवारा और दुर्गा प्रतिमाओं का आज होगा विसर्जन



## मां दुर्गा दरबारों में हुआ हवन-पूजन



**कटगी।** नवरात्रि के भक्तिमय वातावरण में शुक्रवार को ग्राम के सभी मां दुर्गा दरबारों में हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ। हवन–पूजन में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने अपने मनोकामनाओं के लिए आहुतियां दीं। इस अवसर पर भैरव बाबा को भी विशेष भोग अर्पित किया गया, जिससे भक्तों में एक अद्भुत उत्साह और श्रद्धा का संचार हुआ। पंडालों में नौ कन्याओं को विद्या और शक्ति का प्रतीक मानते हुए आमंत्रित कर उनकी पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया। ग्राम के लोगों ने इस आयोजन को न केवल धार्मिक दृष्टि से, बल्कि सामाजिक समरसता का प्रतीक भी माना। पंडाल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें नृत्य, संगीत और नाटक के माध्यम से मां दुर्गा की महिमा का गुणगान किया गया।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जिले के प्रवास पर



**बलौदाबाजार।** विकासखंड पलारी अंतर्गत तेलासीपुरी धाम में आज आयोजित गुरुदर्शन मेला समारोह में शामिल होने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दोपहर 12 बजे ग्राम तेलासी पहुंचेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात दोपहर 2 बजे हेलीकाप्टर से वापस रायपुर लौट जाएंगे।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने मेन रोड ग्राम दुधीपाली के पास से एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद नाला के पास मेन रोड ग्राम दुधीपाली से आरोपी नान दाउ रात्रे पिता भगवानो रात्रे (30 साल) छोटे पटनी के कब्जे से एक सफेद रंग की बोरी में एक पांच लीटर वाली पीले रंग की प्लास्टिक जरकीन में भरी करीबन 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 800 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### मंदिर के सामने से बाइक चोरी

**महासमुंद।** मंदिर में पूजा करने गए व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। सरायपाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थी सतीश कुमार अग्रवाल निवासी वार्ड क्रमांक 03 सरायपाली 4 अक्टूबर को अपनी मोटर सायकल सीडी डान क्र सीजी 06 जीजी 6606 से दुर्गा मंदिर सरायपाली में नवरात्रि की पूजा करने रात करीबन 9:30 बजे गए थे। मंदिर से पूजा कर लगभग रात 10:15 बजे बाहर वापस आने पर बाइक नहीं थी।

### हवन पूजन के साथ लगा आम भंडारा



**महासमुंद।** ग्राम लाफिनखुर्द के बजरंग चौक में क्वांर नवरात्रि पर मां दुर्गा पंडाल में हवन पूजन, नौ कन्या भोज एवं भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता कमल नारायण साहू प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस अवसर दुर्गा समिति के तिलक साहू, डायमंड साहू, संजय साहू, छगन विश्वकर्मा, पं सूरज दास वैष्णो, पंडा पुनीत साहू, परस साहू, तानेश्वरी साहू, दुलारी साहू, रूखमणी साहू, सावित्री साहू, टेक्सी मारकंडे, जागेश्वर साहू, रेखू साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### भोपाल विज्ञान मेला में रोहन का चयन

**महासमुंद।** सरस्वती शिशु मंदिर पटेवा कक्षा 8वीं में अध्ययनरत रोहन ध्रुव का चयन भोपाल में आयोजित वैदिक गणित एवं विज्ञान मेला के लिए हुआ है। इसके पूर्व इन्होंने जिला व प्रांत स्तरीय कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। चयन होने पर पालक नैन सिंह, बिसमत बाई, गणेश ध्रुव, तन्नु ध्रुव, रागिनी समेत ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

## कार्रवाई : जांच टीम को देख भागे जंगल-जंगल

# कार में ले जा रहे थे चीतल का मांस, दो युवक पकड़ाये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार के निर्देशानुसार त्यौहार के सीजन के संवेदनशीलता को देखते हुए सभी वनक्षेत्रों में नियमित गस्ती एवं जांच नाकों पर सघन गस्त निरीक्षण किया जा रहा है।

इसके तहत शुक्रवार को सामान्य जांच के दौरान जांच नाका पकरीद में एक कार स्वीफ्ट क्रमांक सीजी 04 डीडी 0810 जो बेरियर से मुड़कर भाग रहा था, जिसका संदेह पर पीछा किया गया।

उक्त कार द्वारा 2 जांच नाकों को तोड़ते हुए कार को ग्राम अल्दा के जंगल में छोड़कर सवार जंगल की तरफ भाग गये, जिसे वनमण्डल की संयुक्त टीम ने तुरतुरिया के जंगल में 2 व्यक्तियों को पकड़ा और पूछताछ की। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया गया कि हम कुल पांच व्यक्तियों द्वारा जंगल में चीतल का शिकार करने के बाद काटकर बोरी में भरकर ले जा रहे थे। जिसे भागते हुए डर कर रास्ते में फेका है।

### वन विभाग की टीम ने तुरतुरिया के जंगल में दबोचा



**वन विभाग ने चीतल के मांस जब्त किया**

अभियुक्तों के निशानदेही पर बोरी में भरकर फेके गये वन्यप्राणी चीतल के मांस को बरामद कर जब्त किया गया है एवं वन्यप्राणी अपराध में संलिप्त 2 अभियुक्तों अनिल चौधरी एवं हेतराम गौतम जिला महासमुन्द से और पूछताछ की जा रही है। वन्यप्राणी अपराध में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की पतासाजी कर वन्यजीव (संरक्षण) 1972 के विभिन्न धाराओं के तहत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्रवाई के दौरान देवपुर, बारनवापारा, कोठारी एवं बल्दाकछार परिक्षेत्र के कर्मचारियों का संयुक्त योगदान रहा।

# करंट की चपेट में आया हाईवा, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

गुरुवार की दोपहर करीब 1 बजे हाईवा चालक गंगा राम साहू निवासी टीहूपारा सिमगा जो हाईवा क्रमांक सीजी 4 जेसी 8812 से तिल्दा बाईपास रोड किनारे स्थित एक खेत में मुरूम गिराते समय हाईटेंशन विद्युत तार के संपर्क में आने से मुरूम से भरे हाईवा में अचानक आग लग गई तथा हाईवा में करंट प्रवाहित होने से चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

इसकी की सूचना सिमगा थाने को मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर विद्युतत विभाग को इसकी जानकारी दी, जहां विद्युत विभाग के कर्मचारीयों ने मौके पर जाकर करंट सप्लाई को बंद कराया। तत्पश्चात गंगाराम साहू के शव को हाईवा से बाहर निकाला जा सका। पुलिस उक्त वाहन को जब्त कर थाना में सुरक्षार्थ खड़ा किया है, परंतु मौके पर उपस्थित अन्य दो और अवैध मुरूम से भरे हाईवा को पुलिस ने थाने ले जाने की बात कही, लेकिन पत्रकारों द्वारा थाने परिसर में जाकर देखा तो सिर्फ जिस हाईवा में घटना घटी वह वाहन ही खड़ी मिली, अन्य दो हाईवा मौके पर उपस्थित नहीं थी। इससे यह प्रतीत होता है कि अन्य दोनो हाईवा वाहनों को रास्ता से ही रफादफा कर दिया गया । जिस बात की चर्चा नगर में जोरों पर है । इस घटना के संबंध में विद्युत विभाग के एई संतराम पटेल से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने कहा कि सोमवार को आफिस आकर ही जानकारी दे पाऊंगा।

■ हाईवा से मुरुम खाली करने के दौरान हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से हुआ हादसा



### धड़ल्ले से हो रहा मुरुम एवं रेत का अवैध परिवहन

आम नागरिकों द्वारा अवैध रेत एवं मुरूम परिवहन से होने वाली परेशानियों को लेकर ग्रामीण कई बार अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। इस बाबत समाचार पत्रों में भी अनेक बार समाचार प्रकाशन किया गया है कि अवैध रूप से हाईवा व ट्रैक्टर में ओवरलोड रेत भरकर खुलेआम परिहवन किया जा रहा है, जिससे रेत हवा में उड़ती है आए दिन गंभीर घटनाएं होते रहती है। लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी सिर्फ अपना कमीशन लेने में ही व्यस्त रहते हैं, उन्हें आम नागरिकों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। बता दें कि सिमगा में यातायात थाना है और चिन्हांकित पाइंट में यातायात पुलिस तैनात रहती हैं, फिर भी ओव्हर लोड वाहनों पर कार्रवाई केवल नाम मात्र है।

## आतिशबाजी के साथ 52 फीट ऊंचे रावण पुतले का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी दशहरा की तैयारी जोरसोर से की गई है। समिति के सदस्य चंदन साहू और भावेश यादव ने बताया की समिति द्वारा लगातार 20 वर्षों से विजयदशमी पर रावण दहन का विशेष कार्यक्रम रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि कसडोल मुख्यालय के अलावा ग्रामीण अंचल से इस वर्ष भी लगभग पचास से साठ हजार लोगों की आने की संभावना है। श्री साहू ने आगे बताया कि इस वर्ष आतिशबाजी डिजिटल की जाएगी, जो मनोरंजन का आकर्षक दृश्य रहेगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक संदीप साहू मौजूद रहेंगे। जिनके आतिथ्य में यह कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

### डिजिटल होगी आतिशबाजी समिति ने की तैयारी



### भव्य होगा दशहरा

समिति के सदस्यों ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा भव्य रूप में दशहरा मैदान में सम्पन्न होगा। इस वर्ष रावण 52 फीट एवं आतिशबाजी आकर्षक पूर्ण होगी। दशहरा महोत्सव में सभी वर्गों को लेकर संपन्न कराया जाएगा। इसमें सभी सक्रिय कार्यकर्ता मुख्यरूप से ऋतिक मिश्रा, अशोक यादव, चंदन साहू, निरेन्द्र क्षत्रिय, कमल पटेल, भानु प्रताप साहू, भावेश यादव, द्वारिका निर्मलकर, रामकिशन साहू, लक्ष्मण मिश्रा, कुशल साहू, बसंत श्रीवास, हरिराम कैवर्त्य, राजेन्द्र साहू, प्रशांत जायसवाल, सुनील साहू, नंदकुमार धीवर, जय साहू, संदीप यादव मोती लाल बंजारे, हेमंत बघेल, देव प्रसाद साहू, हरि साहू, सूर्या यादव, गुड्डा जायसवाल, मुकेश नानु भारती, कोमल साहू, दिलहरण साहू, मनोज साहू, धमेन्द्र साहू सहित अन्य सक्रिय कार्यकर्ताओ की मौजूदगी में रावण का दहन कार्यक्रम किया जाएगा।

## टाटा के सदस्यों ने 28 गरीब महिलाओं को बांटी साड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

जन जागरण मिशन बिलासपुर टाटा के सदस्यों द्वारा नवरात्रि पर्व पर अत्यंत गरीब परिवार की 28 महिलाओं को साड़ी प्रदान की गई। इसके अलावा 34 बार रक्तदान कर अन्य लोगों की जान बचाने वाले गांव के युवा तुमेश्वर साहू को श्रीफल व मोमेन्टो देकर सम्मानित भी किया गया। समिति की ओर से राजेश जायवाल ने बताया गया है कि गत 6 वर्षो से लगातार समिति द्वारा नवरात्रि पर संस्था की ओर से गरीब तबके की माताओं का चयन कर सहयोग स्वरूप साड़ी प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में जन जागरण मिशन के सदस्यगण धनेश्वर साहू, राकेश डहरिया, गंगाराम साहू, दुर्गेश साहू, गोकुल प्रसाद साहू, विकेश निराला, प्रदीप मानिकपुरी, हितेश चौहन, अखिलेश्वर जायसवाल, भानु साहू, दुर्गेश साहू, घनश्याम महिलाने, राजेंद्र सोनवानी, खगेश साहू, तुमेश्वर साहू, पुरषोत्तम साहू , देव महिलाने आदि का विशेष योगदान रहा।

## रास्ता रोक कर ट्रक ड्राइवर से मारपीट, चार आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

गुरूवार की दरम्यानी रात लगभग 3 बजे प्रार्थी ट्रक ड्राइवर सद्दाम ट्रक क्रमांक सीजी 22 जे 0860 में इमामी सीमेंट प्लांट बलौदाबाजार से माल भरकर भाटापारा जा रहा था।

इसी बीच ग्राम रवान के बाजार चौक मेनरोड के पास आरोपियों द्वारा ट्रक पर पथराव करते हुए ट्रक को जबरदस्ती रोककर चालक से मारपीट करते हुए आरोपी द्वारा ट्रक का सामने का शीशा तथा मोबाइल को भी तोड़ दिया गया। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने धारा 126(2), 191(2), 324(4), 119(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम रवान से 4 आरोपियों गिरजा शंकर साहू 19 वर्ष, डागेश वर्मा 19 वर्ष, दुर्गेश ध्रुव 18 वर्ष, तुषार निषाद 19 साल को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर सभी आरोपियों द्वारा एक राय होकर ट्रक में पत्थर बाजी करते हुए ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट की घटना करना स्वीकार किया गया। शुक्रवार को आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## भक्तों ने की विधि विधान से की पूजा अर्चना

# देवियों की चैतन्य झांकी बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



नवरात्रि पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हिरमी द्वारा चैतन्य देवियों की झांकी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अलग-अलग दिन दीप प्रज्ज्वलित के लिए पी आर वर्मा प्राचार्य ज्ञानोदय शिशु मंदिर, धर्मेंद्र शरशिंहा राजप्रधान वर्मा समाज, पवन वर्मा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष, डॉ. एमएल ध्रुव, मुख्य चिकित्सा प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुहेला, जनपद सदस्य अनुपम अग्रवाल की उपस्थिति रही। ब्रह्माकुमारीज ने श्रद्धालुओं को चैतन्य देवी झांकी के दर्शन कराए श्रद्धालुओं को नवरात्रि और इसका अर्थ बोध बताते हुए बीके नमिता ने कहा कि इस पर्व में अखंड ज्योति का अत्यंत महत्व है। भारतवासी लगातार 9 दिनों तक विभिन्न शक्तियों की पूजा करते हैं। इन शक्तियों के 108 नाम का गायन है, जिनमें से कुछ प्रसिद्ध नाम श्री सरस्वती, ब्राह्मी (ब्रह्मा की ज्ञान पुत्री) आदि देवी, जगदंबा, शीतला, दुर्गा आदि हैं। नवरात्रि उत्सव के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज हिरमी ने ज्ञानोदय शिशु मंदिर स्थित सेवाकेंद्र पर झांकियों का आयोजन किया है। शाम 6 से रात 9.30 बजे तक देवी लक्ष्मी, सरस्वती, दुर्गा, उमादेवी, गायत्री आदि चैतन्य देवियों का दर्शन भक्त कर रहे हैं। इसमें विशेष नवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य भी बताया जा रहा है। झांकियों में विशेष आकर्षण का केंद्र माहिषासुर वध दिखाया गया है। मूर्तियों से सुसज्जित चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसमें मनुष्य आत्माओं के चरित्र उत्थान से श्रेष्ठ समाज की पुनर्स्थापना कैसे हो, राजयोग एवं आध्यात्मिक ज्ञान द्वारा कैसे जीवन को खुशियों से भरे और तनाव मुक्त जीवन जिये, इस पर प्रकाश डाला गया है। प्रदर्शनी में प्रवेश निःशुल्क है। चैतन्य देवियों की झांकी में निरंतर भारी संख्या में बढ़ती भीड़ इस बात को प्रदर्शित करति है कि ऐसी और शक्ति का अनोखा संगम देवी झांकी हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। इस अवसर पर राम प्रसाद वर्मा, अनिल अग्रवाल, कोपराम वर्मा, प्रेमलाल सिन्हा, तुलसीराम वर्मा, दिलेश्वर मढ़रिया, वेदप्रकाश वर्मा, पवन वर्मा, सीमा, शैल, रमा मढ़रिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित उपस्थित थे।


पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### सूने मकान में तोड़फोड़



**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने चाचा के सूने मकान में चोरी करने की नीयत से घर में तोड़फोड़ करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, डगनिया निवासी महेश साहू ने शिकायत दर्ज कराई है। महेश ने पुलिस को बताया कि उसके चाचा का मकान रोहिणीपुरम में है। उसके चाचा भोपाल गए हुए हैं। महेश को अपने पड़ोसी के माध्यम से पता चला कि अज्ञात चोर उसके चाचा के मकान में चोरी की नीयत से घर के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसा और घर में लगी खिड़की का कांच तोड़ने के साथ अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया है। हालांकि चोर ने घर में किसी तरह की चोरी नहीं की है।

### चाकू से जानलेवा हमला फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पिछले महीने मामूली बात में चाकू से जानलेवा हमला करने के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पवित्रो यादव तथा उसके साथियों पर आपसी रंजिश के चलते चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में सुमेध कुमार हुमने उर्फ सुमेर को गिरफ्तार किया है। सुमेध ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 24 सितंबर को पवित्रो तथा उसके अन्य साथियों पर संत ज्ञानेश्वर स्कूल मैदान के पास चाकू से हमला किया था।

### मुख्य मार्ग से हटाये ठेला-गुमटी

**रायपुर।** नगर निगम अमले ने अमलीडीह मुख्य मार्ग में सड़क घेरकर लगाये गये ठेलों, गुमटियों को हटाने अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों में डस्टबिन नही रखने और कचरा फैलाने वालों से जुर्माना वसूला गया। स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही जोन 10 के जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान राजभोग रेस्टोरेंट में गंदगी पाये जाने और सड़क मार्ग पर पार्किंग करने पर 15 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। इसी तरह हैलो ममोस के संचालक को सफाई में कोताही के लिए चेतावनी देते हुए 2 हजार रुपये का जुर्माना किया।

### आक्सीजोन एरिया बनेगा जोरा का पुराना तालाब

**रायपुर।** राजधानी के जोरा क्षेत्र स्थित पुराना तालाब को संवारा जाएगा। इसे आक्सीजोन एरिया के रूप में विकसित करने जोन स्तर पर कार्य करने की तैयारी है। निगम आयुक्त अबिनाष मिश्रा नेएमआईसी सदस्य सुरेश चन्नावार और जोन 2 जोन कमिश्नर डॉ. आर.के. डोंगरे की उपस्थिति में तालाब क्षेत्र का भ्रमण किया। श्री मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान जोन अधिकारियों को जोरापारा के पुराने तालाब को पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से आक्सीजोन एरिया के रूप में सुन्दर तरीके से विकसित करने निर्देश दिये है। विदित हो पुराना तालाब देखरेख के अभाव में पट चुका है। तालाब में गंदा पानी न जाए इसके लिए चारों ओर नालियां बनाई गई है। निगम आयुक्त ने जोन के अधिकारियों को नए सिरे से इसका प्रस्ताव बनाने निर्देशित किया है।

# सरोना के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड से निकाला गया 1.50 लाख मीट्रिक टन दबा कूड़ा-करकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरोना के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर दशकभर से दबे 450 मीट्रिक टन कूड़ा करकट को निकालकर उसकी छंटाई करने का काम ठेका एजेंसी ने एक बार फिर शुरू कर दिया है, बारिश के सीजन में पानी भरने से 3 माह तक काम बंद रहा। लैंडफिल साइट से अब तक 1.50 लाख मीट्रिक टन दबे हुए कूड़ा करकट को निकालकर समतलीकरण किया गया है। इससे करीबन 12 एकड़ एरिया क्लीयर हो गया है, जबकि बाकी के 12एकड़ एरिया में दबे कूड़ा करकट की खुदाई कर कचरा निकालने और ढेरी बनाकर उसकी छंटाई करने का काम अभी बाकी है।साइट पर अनुबंधित एजेंसी ने 3 मशीनें लगाई है।

## बारिश खत्म होते ही अनुबंधित एजेंसी ने शुरू कराया काम, 3 मशीनें लगाई

### सरोना में बनेगा खेल मैदान और सुंदर गार्डन

*नगर निगम ने सरोना स्थित करीबन 24 एकड़ जमीन को सुरक्षित रखने 28 करोड़ रुपए का अनुमानित प्रोजेक्ट तैयार कर राज्य शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा है। साइट क्लियर होते ही वहां खेल मैदान बनेगा साथ ही सुंदर बगीचा विकसित करने की योजना है। खाली जमीन के एक तिहाई हिस्से में क्रिकेट, टेनिस जैसे खेलों को बढ़ावा देने खेल मैदान बनेगा। खेल मैदान और बगीचे में प्रकाश व्यवस्था के लिए सोलर फार्म बनाने की योजना बनाई गई है। पूरे परिसर के चारों ओर बड़े पैमाने पर पौधारोपण कर हरा-भरा रखा जायेगा।*



■ रायगढ़ की कंपनी को 12 करोड़ 64 लाख रुपये में मिला है ठेका

### डूबान क्षेत्र में वेटलैंड का प्रस्ताव

*सरोना लैंडफिल साइट क्लियर होते ही प्रस्तावित प्रोजेक्ट पर काम करने ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय की जाएगी। योजना के मुताबिक डूबान क्षेत्र में जल संग्रहण के लिए वेटलैंड का प्रस्ताव बनाया गया है। वेटलैंड पार्क में वाटर प्यूरीफिकेशन के साथ ही जल संग्रहण का काम किया जाएगा।*

साथ की कचरे की ढेरी को वहां से हटाने का काम किया जा रहा है। कचरा, गंदगी और बदबू का पर्याय बने सरोना के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड की सूरत बदलने वाली है। रायपुर नगर निगम ने इस कार्य के लिए रायगढ़ की एजेंसी को 12 करोड़ 64 लाख रुपए में ठेका दिया है। एजेंसी दस साल में शहरभर से डंप 450 मीट्रिक टन कूड़ा करकट का वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन करने साइट क्लीयर कर देगी। अनुबंधित एजेंसी ने ट्रेंचिंग ग्राउंड में दबे कूड़ा करकट की खुदाई करने स्क्रीनिंग मशीन, ट्रामर और पोकलेन मशीन लगाई है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है ठेका एजेंसी को दिसंबर 2024 तक काम को पूरा करने की समय सीमा दी गई है।

*बारिश होते ही डबरी में हो जाती है तब्दील*

# पंजीयन-कृषि कार्यालय की सड़क पर इतने गड्ढे कि चलना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टर, एसएसपी सहित विभिन्न विभागों के कार्यालय हैं, जिनके परिसर से लेकर आने-जाने का मार्ग भी ठीक है, लेकिन कृषि विभाग से पंजीयन कार्यालय जाने वाली कच्ची सड़क पर इतने गड्ढे हैं कि सामान्य दिनों में भी इस सड़क पर चलने में लोगों को परेशानी होती है। वहीं बारिश हो जाए, तो यह सड़क डबरी में तब्दील हो जाती है, जिसके बाद इस मार्ग पर पैदल चलना तो दूर, दोपहिया वाहन भी गुजर नहीं पाता। यह स्थिति गुरुवार को दोपहर में तेज बारिश के बाद यहां देखने को मिली। शारदीय नवरात्रि के कारण पंजीयन कार्यालय में सुबह से लोगों की भीड़ लगी रही, लेकिन दोपहर में बारिश होते ही पंजीयन कार्यालय का बाहरी परिसर से लेकर कृषि विभाग के कार्यालय तक जाने वाला कच्चा सड़क मार्ग डबरी में तब्दील हो गया। इसके कारण पंजीयन कराने आने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

हरिभूमि सरोकार







### पंजीयन कार्यालय परिसर तक वाहन जाने के लिए एक ही रास्ता

*पंजीयन कार्यालय के परिसर तक वाहन ले जाने के लिए कलेक्टोरेट में एक ही रास्ता है और यह रास्ता कृषि विभाग से होकर जाता है। इस रास्ते के अलावा पंजीयन कार्यालय परिसर तक वाहन ले जाने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। पहले जिला पंचायत कार्यालय के पीछे वाला मार्ग और रेडक्रास भवन के सामने वाला मार्ग से भी वाहन पंजीयन कार्यालय तक आते-जाते थे, लेकिन विगत वर्षों पहले इन दोनों मार्ग को वाहन के आने-जाने के लिए बंद कर दिया गया है। इन दोनों मार्ग पर लोहे के खंभे लगा दिए गए हैं, जिसके बाद पैदल जाने वाली इस मार्ग से आना-जाना कर सकते हैं।*

### आम लोगों के साथ वकील एवं स्टॉफ भी परेशान

*कृषि से पंजीयन कार्यालय का यह मार्ग पिछले कई वर्षों से इसी स्थिति में है। इसके बाद भी इस मार्ग को अब तक सुधारा नहीं गया है। इस मार्ग के अलावा पंजीयन कार्यालय का बाहरी परिसर में भी बारिश होने के बाद जलभराव की स्थिति बन जाती है, जिसके कारण लोग यहां खड़े नहीं हो पाते। इसके कारण आम लोगों के साथ वकील एवं कार्यालय के कर्मचारियों को भी परेशान होना पड़ता है।*

# अमित बोले- पुलिस की विवेचना फर्जी और राजनीति से प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बलौदाबाजार अग्निकांड के अंतर्गत जेल में बंद निर्दोषों से गुरुवार को जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने जिला जेल जाकर मुलाकात कर उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रकरण में लगभग 14820 पन्ने के 13 अभियोग पत्रों की खामियां निकालते हुए पुलिस की विवेचना की धज्जियां उड़ाई। उन्होंने अभियोग पत्रों में 11 ऐसे चौंकाने खुलासे किए। पुलिस की विवेचना को सांप्रदायिक, राजनीति से प्रेरित और फर्जी करार दिया।

■ बलौदाबाजार कांड में जेल में बंद लोगों से अमित ने की मुलाकात

संवाददाताओं से चर्चा में अमित जोगी ने कहा, पुलिस के द्वारा 10 जून को रात्रि 9 बजे एफआईआर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ पंजीबद्ध किया, इसके आधे घंटे बाद टीआई सुहेला के द्वारा अज्ञात के स्थान पर किशोर नौरंगे समेत 10 आरोपियों के विरुद्ध नामजद सूचना दर्ज कराई गई। मामले में कुल 13 अलग-अलग एफआईआर, 356 लोगों के विरुद्ध पंजीबद्ध किए गए। 186 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। दो आरोपी नाबालिक होने के कारण जमानत पर रिहा किए गए। 86 आरोपी जिला जेल में और शेष 98 आरोपी रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर केंद्रीय जेल में निरुद्ध है। मामले में ओमप्रकाश बंजारे एवं देवेंद्र यादव के दो एफआईआर को छोड़ सभी में आरोप पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। शेष सभी आरोपियों के विरुद्ध पुलिस की विवेचना पूर्ण है। इस आधार पर भी उनको जमानत का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, दो सीसीटीवी का जिक्र आरोप पत्र में किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोप पत्र में आंदोलन का आवेदन की प्रति नहीं है। उक्त आवेदन भाजपा के वर्तमान जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक सनम जांगड़े द्वारा किया गया था। स्पष्ट है कि जांच दल द्वारा केवल सरकार के विरोधियों को टारगेट किया जा रहा है।

# तहसीलदारों का तबादला सही है या नहीं, समिति करेगी समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 18 तहसीलदारों के तबादलों पर रोक लगा दी है। कोर्ट के निर्देश बाद तहसीलदारों को 45 दिन में राज्य सरकार के पास आवेदन देना होगा। इन आवेदनों की समीक्षा करने के लिए एक विभागीय समिति भी बनाई गई है, जो इसका आकलन करेगी कि क्या तहसीलदारों का तबादला नियमों के अनुसार किया गया है या नहीं। राजस्व विभाग द्वारा जारी किए गए तबादले के आदेश के बाद कई तहसीलदार हाईकोर्ट से स्टे लेकर आ गए। इससे तहसीलदारों को राहत मिली है और अब मामले की गहन जांच की जाएगी। विभाग द्वारा गठित समिति यह देखेगी कि जीएडी द्वारा तय किए गए तबादले के नियमों का पालन इन मामलों में किया गया या नहीं। अगर नियमों को पालन किया गया है, तो ऐसे लोगों को तबादले के आदेश का पालन करना होगा। तहसीलदारों के मामले में समिति के निर्णय पर आगे की कार्यवाही तय होगी। बताया जाता है कि अब इस मामले में दिसंबर में कोई नया आदेश जारी होगा।

■ जीएडी के नियमों का पालन हुआ कि नहीं, विभागीय समिति कर रही जांच



फिलहाल हाईकोर्ट के आदेश पर सभी 18 तहसीलदार पुराने स्थान पर ही पदस्थ रहेंगे।

### ये है पूरा मामला

तहसीलदार ट्रांसफर का विवाद सितंबर में तब शुरू हुआ, जब छत्तीसगढ़ के राजस्व विभाग ने 169 अधिकारियों का तबादला किया गया। इनमें से 55 तहसीलदार शामिल थे। तबादले के बाद यह आरोप लगा कि कुछ तहसीलदारों का लगातार ट्रांसफर हो रहा है। इनमें से कुछ का 2 साल में 6 बार और 4 महीने में 4 बार तबादला किया गया था। यह मामला तब और गरमा गया, जब हाईकोर्ट ने 18 तहसीलदारों के ट्रांसफर पर रोक लगा दी और सरकार को निर्देश दिया कि तबादलों की वैधता की जांच हो।

### अन्य विभागों में भी यही हालात

बताया जाता है कि सरकार बदलने के बाद कई विभागों में शिकायतों के आधार पर अफसरों के तबादले किए गए। हालांकि तबादलों में इसका उल्लेख नहीं होता, लेकिन विभागीय मंत्री की अनुसंशा और समन्वय में अनुमोदन कर आदेश जारी किए जा रहे हैं।

# 2500 पदों के लिए रोजगार मेला 8वीं पास भी कर सकेंगे आवेदन

**रायपुर।** बेरोजगारों युवाओं को रोजगार देने के लिए आगामी दिनों में दो बड़े रोजगार मेला आयोजित होने वाले हैं। इनमें मेगा जॉब फेयर 2024 का आयोजन 15 अक्टूबर को शासकीय छत्तीसगढ़ कॉलेज बैरन बाजार में होगा। यह फेयर जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायपुर द्वारा किया जा रहा है। इससे एक दिन पहले 14 अक्टूबर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायपुर द्वारा अप्रेंटिसशीप मेला का आयोजन किया जाएगा। यह मेला विधानसभा रोड स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में रखा गया है।



### अप्रेंटिसशीप मेले में 100 से ज्यादा पद

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के मेजर नरेंद्र उपाध्याय ने बताया कि अप्रेंटिसशीप मेला 100 से अधिक पदों के लिए आयोजित किया जा रहा है।

### जॉब फेयर में ढाई हजार से ज्यादा पद

*जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केंद्र के उप संचालक एओ लॉरी ने बताया कि जॉब फेयर ढाई हजार से अधिक पदों पर भर्ती के लिए आयोजित की गई है। इसके तहत सिक्यूरिटी, बैंकिंग, मार्केटिंग, बैंक ऑफिस, होटल मैनेजमेंट, शिक्षण एवं हॉस्पिटल सेक्टर में सिक्यूरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, लेबर, आर्म गाड्‌र्स, सेल्स ऑफिसर, कस्टमर सर्विस, मैनेजर, एजेंट, सर्वेयर, सेल्स पर्सन, कप्यूटर ऑपरेटर, एकाउंटेंट, नर्सिंग स्टॉफ, टेक्निशियन, स्पोकन इंग्लिश, डांस, स्पोट्‌र्स, संगीत टीचर सहित अन्य पदों के लिए आवेदन किए जा सकते हैं।*

# 34 आबकारी अधिकारियों का तबादला एकतरफा भारमुक्त करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग के 34 उपायुक्त और सहायक आयुक्त, सहायक आबकारी अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। आबकारी विभाग ने तबादले के आदेश जारी करने के साथ ही हाईकोर्ट में कैविएट लगा दिया है, ताकि अफसर कोर्ट जाएं, तो पहले विभाग को अपनी बात रखने का मौका मिल सके। साथ ही विभाग ने सभी अधिकारियों को नवीन पदस्थापना के लिए एकतरफा भारमुक्त करने का आदेश जारी किया है। विभाग द्वारा जारी आदेश में जिन अधिकारियों का तबादला किया गया है, उनमें अरविंद कुमार पाटले, उपायुक्त,



आबकारी संभागायुक्त उड़नदस्ता बस्तर संभाग जगदलपुर को नवा रायपुर, सहायक आयुक्त प्रमोद कुमार नेताम को रायपुर से जिला आबकारी अधिकारी बेमेतरा, यदुनंदन राठौर संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग को राजनांदगांव, विकास कुमार गोस्वामी को रायपुर से संभागीय उड़नदस्ता अंबिकापुर , राजेश जायसवाल को दुर्ग से मुंगेली, मंजूश्री कसेर को नवा रायपुर से छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग लिमिटेड रायपुर में प्रतिनियुक्ति में भेजा गया है। दिनकर वासनिक को बिलासपुर से आयुक्त कार्यालय नवा रायपुर, आशीष कोसम की छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग लिमिटेड रायपुर से प्रतिनियुक्ति समाप्त करते हुए संभागीय उड़नदस्ता जगदलपुर, सौरभ बक्शी को कोरबा से नवा रायपुर, प्रकाश पाल को मुंगेली से राज्य स्तरीय उड़नउस्ता रायपुर, रामुकृष्ण मिश्रा को रायगढ़ से रायपुर, अलेख राम सिदार को कोंडागांव से जांजगीर-चांपा, प्रवीण वर्मा को जांगीर-चांपा से मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर पदस्थ किया गया है।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000
₹ 95,000
₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

**रिकार्ड जितने पुराने, उनके दस्तावेजों की स्थिति भी उतनी ही खराब**

# पंजीयन रिकॉर्ड रूम के दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन 1999 से 2016 तक का मैनुअल डाटा हुआ ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंजीयन रिकॉर्ड रूम में कई दशकों के सुरक्षित रखे पंजीयन दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन किया जा रहा है। इसके लिए वर्ष 2022 से दस्तावेजों को स्कैनिंग कर डॉटा को ऑनलाइन किया जा रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में अब तक वर्ष 2016 से वर्ष 1999 तक के मैनुअल रिकॉर्ड ऑनलाइन किए जा चुके हैं। हालांकि विधानसभा चुनाव के दौरान कुछ माह तक कंपनी ने स्कैनिंग का काम बंद कर दिया था, जिसके कारण डिजिटलाइजेशन का काम प्रभावित हुआ था।



### पुराने दस्तावेजों को किया जा रहा

पुराने दस्तावेजों को ऑनलाइन किए जाने का कार्य जारी है। जिले में वर्ष 2016 से नीचे क्रम में 30 वर्ष का मैनुअल पंजीयन रिकार्ड को ऑनलाइन किया जाना है। इसके तहत वर्ष 1999 तक के रिकॉर्ड ऑनलाइन हो चुके हैं।
- **विनोज कुमार कोजे,** पंजीयक, पंजीयन विभाग रायपुर

### वर्ष 2016 से घटते क्रम में किया जाना है दस्तावेजों को ऑनलाइन

विभागीय अधिकारियों के अनुसार पंजीयन के पुराने दस्तावेजों को ऑनलाइन का काम वर्ष 2016 के दस्तावेजों से शुरू किया गया है, जो घटते क्रम में वर्षवार किया जाना है। सूत्रों के अनुसार पंजीयन दस्तावेजों को ऑनलाइन करने का काम किसी दूसरे राज्य की कंपनी को दिया गया है। कंपनी ने ढाई वर्ष के दौरान अब तक वर्ष 1999 से लेकर 2016 तक के पंजीयन रिकार्ड स्कैनिंग कर डाटा को ऑनलाइन कर चुकी है, वहीं वर्ष 1998 के दस्तावेजों के स्कैनिंग का काम जारी है, जिसका जल्द ही पूर्ण होने की संभावना जताई जा रही है।

### 1857 दशक के भी रिकार्ड होंगे ऑनलाइन

पंजीयन कार्यालय के रिकार्ड रूम में 1857 दशक से भी पुराने रिकार्ड रखे हुए हैं। इन सभी रिकार्ड को ऑनलाइन किया जाना है। इस काम में अभी और कई वर्ष लग सकते हैं, क्योंकि रिकार्ड जितने पुराने है, उनके दस्तावेजों की स्थिति भी उतनी ही खराब है। कई पुराने दस्तावेज फट चुके हैं, जिसके कारण स्कैनिंग करने में परेशानी आ सकती है। ऐसे में कई दसक पुराने दस्तावेजों को ऑनलाइन करना चुनौती से कम नहीं होगा।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# होटलों में अवैध शराब की बिक्री लेकर किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



नगर में नवपदस्थ एसडीएम नम्रता चौबे द्वारा शिकायत के आधार पर होटलों व ढाबों में अवैध शराब विक्रय पर की जा रही कार्रवाई के तहत बस स्टैंड में दो होटलों में छापामार कार्रवाई की गई। वहीं एक होटल में हुक्का पिलाए जाने की सामग्री जब्त कर होटल को सील कर दिया गया है। ज्ञातव्य हो कि कुछ माह पूर्व पूर्व एसडीएम हेमंत नंदनवार द्वारा कार्रवाई करते हुए 3 होटलों पर सील किए जाने की कार्रवाई की गई थी। सरायपाली नगर व ग्रामीण क्षेत्रो में लगातार अवैध शराब निर्माण व विक्रय के साथ ही देशी व अंग्रेजी शराबों का विक्रय धड़ल्ले से चल रहा है।

कुछ माह पूर्व तक पुलिस लगातार छापामार कार्रवाई करती रही पर पिछले 2-3 महीनों से अवैध शराब विक्रय पर कार्रवाई लगभग शून्य है। जिसके चलते अवैध शराब की बिक्री घर घर व मोहल्लों में चोरी छिपे बेची जा रही है। शराब बिक्री में मोटी कमाई होने के कारण कई लोग इस व्यवसाय की ओर सहज ही आकर्षित हो रहे हैं। वहीं जगह जगह होटलों, पान दुकानों, व अन्य छोटे छोटे दुकानों में यह सहज हो उपलब्ध हो रहा है। तो वहीं होटलों व भोजनालयों की आड़ में सबसे अधिक देशी व विदेशी शराब सहज ही उपलब्ध हो जाती है। नगर के मध्य एक कथित भोजनालय में सुबह 5 बजे से रात 11 बजे तक व्यवसायी द्वारा खुली शराब बेची जाती है। प्रतिदिन यहां 300-400 खाली डिस्पोजल शराब पीने के बाद नगरपालिका की कचरा गाड़ी को उठाते देखा जा सकता है। इसी तरह इस्लाम मोहल्ले स्थित पुराना भट्टी पारा में एक युवक वर्षों से शराब बेच रहा है। कई बार जेल जाने व कार्रवाई होने के बाद भी शराब बेचा जा रहा है।

होटलों व अन्य स्थानों पर अवैध शराब विक्रय की लगातार मिल रही शिकायत के आधार पर एसडीएम नम्रता चौबे के नेतृत्व में बस स्टैण्ड पास स्थित नमता होटल में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ममता होटल में शराब पिलाते एवं बेचते हुए पाया गया। होटल में गोआ स्पेशल 1 नग पैक एवं 02 खुला (180 एमएल), शोले प्लेन देशी मदिरा (180एमएल) 10 नग पैक वाला मैकडोवल नं 1 (750 एमएल), पार्टी स्पेंडेड, बीयर (पैक) 1 जब्त किया गया तो वहीं हुक्का पिलाने का सामान भी मौके पर पाया गया। सभी शराब व हुक्का सामानों की जप्ती के साथ ही होटल को भी सील कर दिया गया है।

औचक निरीक्षण नवपदस्थ अनुविभागीय अधिकारी नम्रता चौबे के मार्गनिर्देशन में तहसीलदार श्रीधर पंडा व राजस्व कर्मचारी उपस्थित थे।

## दुर्गा पंडाल की रंगोली बनी आकर्षक...



बंगोली। मूरा पोराभाठा में जय महामाई दुर्गोत्सव पंडाल में इस वर्ष भी मातेश्वरी मॉ जगदंबा के पंडाल में छाया धीवर, रीना सारथी, पिंकी धीवर, खुशबू वर्मा, देवकी धीवर, मंजू धीवर द्वारा शारदीय नवरात्रि पर नौ दिनों तक आकर्षक रंगोली बनाकर मां का दरबाई सजाया गया।

## अंचल के गांवों में विराजी मां दुर्गा



बलौदाबाजार> श्री ज्वाला दुर्गा उत्सव समिति रामलीला चौक खरोरा।



जय महामाई सार्वजनिक समिति दुर्गा उत्सव समिति मुरा

# किसान संघ की बैठक में प्रांतीय अधिवेशन पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय किसान संघ जिला महासमुंद की बैठक गुरुवार को जिलाध्यक्ष कुबेर गिरि गोस्वामी की उपस्थिति में देव संस्कृति उमा विद्यालय महासमुंद में हुई। बैठक के प्रारंभ में भगवान बलराम की पूजा अर्चना की गई। बैठक में इन जिन विषयों पर चर्चा की गई उनमें प्रांतीय अधिवेशन 15 और 16 अक्टूबर रोहणीपुरम सरस्वती शिक्षण संस्थान रायपुर में होगी, जिसमें प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन किया जाना है। ग्राम, ब्लाक, जिला स्तरीय गठन की सूची जमा करना है। अगर सदस्यता बुक शुल्क सहित जमा करना, राष्ट्रीय पदाधिकारियों का उद्बोधन रैली निकाली जाएगी, दूसरे दिन 16 अक्टूबर को भारतीय किसान संघ की विस्तारपूर्वक गतिविधियों संगठन सुदृढ़ करने हेतु सुझाव व उद्बोधन होगा। इस दौरान बताया गया कि महासमुंद जिले से 30 लोग प्रांतीय अधिवेशन में शामिल होंगे। बैठक में उपस्थित महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना ब्लाक प्रमुख रूप से कुबेर गिरि, जितेंद्र चंद्राकर, बृजलाल साव, संजय चंद्राकर, राजेंद्र वैष्णव, रोमांतक गिरि, चानक साहू, शत्रुहन साहू, चेतन साहू, दुलेश्वर साहू, पवन साहू, कुंदन साव, पुरुषोत्तम साहू, छन्नू साहू, करन साहू आदि शामिल थे। उक्त जानकारी प्रचार प्रमुख कृष्ण कुमार साहू ने दी।

# स्मृति वन का नाम बदलने और मार्निंग वॉक शुल्क का विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने स्मृति वन का नाम बदलने के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा, नाम बदलने की कार्यवाही मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है। यह कार्य पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अवमानना का है। साथ ही वन विभाग द्वारा मार्निंग वाक का प्रतिदिन एवं मासिक शुल्क लिये जाने का आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा, राजीव स्मृति वन के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये विभाग पहले से ही शुल्क ले रहा है। अब विभाग सीधे जनता की जेब में डाका डालने का काम कर रहा है। पूर्ववर्ती सभी सरकारों ने जनता को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से जगह-जगह गार्डन एवं उसमें कसरत के लिये निःशुल्क उपकरण लगाये हैं। वन विभाग तुगलकी फरमान जारी करके अपनी मनमानी पर उतर आया है। वन विभाग के फरमान का कांग्रेसियों ने विरोध किया। उन्होंने मांग की है कि राजीव स्मृति वन का नाम यथावत रखा जाये तथा मार्निंग वाक शुल्क लिये जाने एवं पर्यटकों के प्रवेश शुल्क वापस नहीं लेने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

- कांग्रेस महामंत्री पंकज शर्मा के विरोध और कलेक्टर को ज्ञापन देने के बाद विभाग ने वापस लिया फैसला

# बिजली के मीटर हो रहे स्मार्ट छह सौ करोड़ के पुराने मीटर हो जाएंगे कबाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। अब तक दो लाख से ज्यादा पुराने मीटर बदल दिए गए हैं। प्रदेश के 54 लाख बिजली उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाएंगे। प्रदेश में 60 लाख उपभोक्ताओं के घरों, व्यापारिक, सरकारी संस्थानों में जो इस समय डिजिटल मीटर लगे हैं, वो करीब छह सौ करोड़ के हैं। आने वाले समय में ये सारे मीटर कबाड़ हो जाएंगे। जहां पहले के लगे मीटर हजार रुपए के आस-पास के हैं, वहीं नए मीटर छह हजार के हैं। इनको लगाने पर करीब चार हजार करोड़ का खर्च आएगा। बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन में लगने वाले मीटर समय के साथ बदले जाते रहे हैं। सबसे पहले चकरी वाले मीटर लगते थे। इनको करीब डेढ़ दशक पहले डिजिटल मीटरों में बदलने का काम किया गया। डिजिटल मीटरों के कुछ साल पहले नए वर्जन आए तो इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इनको लगाने का काम किया। कंपनी के अधिकारियों का कहना है, नए वर्जन वाले मीटर ज्यादातर नए कनेक्शनों में लगाए गए हैं। इसी के साथ जिनके मीटर खराब हुए उनके मीटर बदले गए। सभी मीटरों को नए वर्जन में नहीं बदला गया है। नए वर्जन में कुछ ज्यादा सुविधा है। जैसे इसमें छह माह की रीडिंग देखने की सुविधा है। इन मीटरों को लगाने पर पॉवर कंपनी के एक मीटर के हजार रुपए के हिसाब से करीब छह सौ करोड़ खर्च हुए हैं। इनकी कीमत भी उपभोक्ताओं से ली गई है। लेकिन अब जो नए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, उनकी कीमत उपभोक्ताओं से नहीं ली जा रही है।

पेज 9 का शेष

## नगर के शक्ति...

सेना के साथ नगर के देवी पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा का दर्शन करने के साथ ही नवरात्रि पर्व का समापन होने की जानकारी देते हुए आयोजकों द्वारा बताया गया है कि रविवार को दुर्गा प्रतिमाओं एवं जंवारा विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हो जावेगा। विसर्जन कार्यक्रम के लिए कुछ दुर्गोत्सव समितियों द्वारा बाना धारको को आमंत्रित किये जाने की जानकारी भी दी गई है।



## खबर संक्षेप



### चैतन्य झांकियों की दर्शन करने उमड़े लोग

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नयापारा स्थित उपकार भवन में चैतन्य देवियों की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मां दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती की चैतन्य झांकी का दर्शन करने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी पहुंचे। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति बहन एवं समस्त अतिथियों ने मिलकर दीप प्रज्वलित कर झांकी का अवलोकन करते हुए झांकी की शुरुआत की। इस दौरान राजयोग शिक्षा द्वारा अष्ट शक्तियों की प्राप्ति बताईं जा रही है, जिस अष्ट शक्तियों के आधार से एकाग्रता के बल से साधारण कन्याएं देवी नजर आ रही है, यदि मनुष्य चाहे तो वह भी राजयोग की शिक्षा से इन देवियों के समान बन सकता है।

### बम्हनी में राम लीला का आयोजन



महासमुंद। ग्राम बम्हनी में गुरुवार की रात जय दुर्गा लीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला में राम बचन चरित्र की लीला का मंचन किया गया। राक्षसों के उपद्रव से त्रस्त विश्वामित्र भगवान राम व लक्ष्मण को मांगने राजा दशरथ के पास गए। यह देख लोग काफी रोमांचित हुए। बम्हनी में मीना बाजार की लीला की भव्य प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। राम की भूमिका में बाल कलाकार युग साहू व लक्ष्मण की भूमिका में बाल कलाकार निहाल साहू, भरत की भूमिका में साहिल साहू और शत्रुहन की भूमिका में लव साहू ने अभिनय किया। व्यासपीठ पर यदु निषाद एवं गिरिद साहू, पुरुषोत्तम साहू एवं सभी लीला मंडली के सदस्यों ने रामचरित मानस की चौपाई से पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया।

### नौ कन्या भोज में बालिकाओं की हुई पूजा अर्चना



बिरकोनी। ग्राम बिरकोनी में शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर शुक्रवार को दुर्गा पंडाल सहित देवी मंदिरों व घरों में हवन पूजा हुआ। इसके बाद दोपहर 1 बजे समस्त ग्रामवासियों द्वारा कन्या पूजन किया गया। देवी स्वरूप कन्या को भोजन कराने के बाद लोगों ने नवरात्र उपवास का समापन किया। पश्चात कन्याओं को उनके घर जाकर ससम्मान भोजन के लिए आमंत्रित किया। छोटे-छोटे बालिकाओं को साफ आसन पर बैठाकर सभी कन्याओं के पैर धुलाकर, कुमकुम से तिलक लगा कर देवी मां के नौ रूपों में सजाया गया। हार-फूल पहनाएं। बाद स्वागत किया गया। जिसमें उपहार में नए वस्त्र, शिक्षा से संबंधित चीजें, नए जूते-चप्पल, शृंगार का सामान दिया गया। इस अवसर पर पर छोटी कन्याओं की पूजा परंपरा अनुसार की गई। छोटी बालिकाओं का देवी का स्वरूप बहुत ही आकर्षक रहा। इनकी विशेष श्रंगार करा कर महिलाओं व श्रद्धालुओं ने पूजा किया। अपने सामर्थ्य के अनुसार दक्षिणा के साथ उपहार भेंट किए गए। नौ कन्या भोज का दौर दोपहर से शाम तक चलता रहा।






## सर्व मंगल मंगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते...



**बलौदाबाजार।** लीला चौक बरबंदा।



जय सिंगदुरिया कल्याण समिति केसला।



राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर बालाजी दरबा।



अग्रसेन दुर्गा उत्सव समिति दुकानपारा खरोरा

# अष्टमी पर हुई मां महागौरी की अराधना, आज विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

- देवालयों और दुर्गा पंडालों में पूर्णाहुति, 35 साल बाद आया ऐसा संयोग

नगर में नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर महागौरी की अराधना की गई। देवी दर्शन के लिए दुर्गा पंडालों में भक्तों की भीड़ रही। साथ ही इस नवरात्रि में विशेष संयोग रहा। नगर पलारी सहित आसपास के देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में साथ साथ हवन पूजन के साथ पूर्णा आहूति कि गई, इसके पूर्व वर्षों में एक दिन पहले देवालयों के हवन पूजन सम्पन्न हो जाता था तथा इसके दिन बाद दुर्गा पंडालों में हवन पूजन किया जाता था, परंतु इस वर्ष उदया तिथि होने से 35 वर्ष बाद यह अद्भुत संयोग रहा कि तिथी के कारण एक साथ देवालय और दुर्गा पंडालों में पूर्णाहुति का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया, नगर में सुबह से हवन पूजन का सिलसिला प्रारंभ हुआ, जिसमें शितला मंदिर, ठाकुर, माहमाया तथा दुर्गा पंडालों में बाजार चौक गांधी चौक, सरस्वती चौक, बस स्टैंड सहित सभी दुर्गा पंडालों सदस्यों द्वारा हवन कुंड में घी और शांकल्ल डालते हुए स्वाहा– स्वाहा की गूंज सुनाई दी। नगर के युवा भागवताचार्य राहुल महाराज द्वारा विधि विधान से वैदिक मंत्रोचार के हवन पूजन पश्चात सभी दुर्गा पंडालों कन्या भोज कराया गया।



## महानवमीं पर जोत जंवारा का विसर्जन



**खरोरा।** शारदीय नवरात्रि पर देवी भक्तों द्वारा शक्तिपीठ शीतला मंदिर में 340 से अधिक मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए है। वहीं नवरात्रि पर्व पर माता के भक्त मां शीतला के दरबार में मत्था टेकने पहुंचे। महानवमीं पर शुक्रवार को जोत जंवारा का विसर्जन भक्तों द्वारा जस गीत के साथ माता को याद कर शीतला मंदिर के पास स्थित पनखटीया तालाब में विसर्जन किया गया। इस दौरान नगर के घरों में विराजे जोत जंवारा का भी विसर्जन किया गया। शीतला समिति के संरक्षक अरविंद देवांगन, पार्षद भरत कुम्भकार, अध्यक्ष राजाराम सिन्हा, उपाध्यक्ष महेश वर्मा, कोषाध्यक्ष कमल वर्मा, सचिव बालकिसन निर्मलकर, भरत देवांगन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालू पहुंचे। विसर्जन के बाद समिति की ओर से विशाल भोग भंडारे का आयोजन रखा गया जो देर शाम तक जारी रहा।

## अग्रवाल महिला मंडल ने किया रानी सती मां दादी का मंगलपाठ

**खरोरा।** अग्रवाल महिला मंडल द्वारा दुर्गा पंडाल में रानी सती माता का मंगल पाठ किया गया। इस मंगल पाठ में सभी श्रद्धालुओं ने भरपुर सहयोग दिया। सभी दादी पाठ में शामिल हुईं। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल व महिला मंडल द्वारा अपना पूरा सहयोग देकर मंगलपाठ के आयोजन को पूर्ण किया। अग्रवाल महिला मंडल खरोरा की अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने बताया कि रानी सती दादी मां के मंगल पाठ से सभी की मनोकामना पूर्ण होती हैं, गांव, नगर, शहर सभी की उन्नति होती है।




## मोहरा दुर्गा उत्सव स्थल पर गरबा की धूम




**हिरमी रावन।** ग्राम मोहरा के आदर्श मित्र मंडल दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में नवरात्रि महोत्सव पर गरबा नृत्य की धूम मची है। डीजे और मांदर की थाप के साथ धार्मिक भजनों की धुन पर श्रद्धालु नृत्य कर रहे हैं। गरबा नृत्य को लेकर महिलाओं और बच्चों में उत्साह है। गरबा नृत्य के मंडप को रंग–बिरंगी रोशनी से सजाया गया। आयोजित गरबा महोत्सव में देवी की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया है। वहीं गरबा नृत्य में प्रतिभागियों को ग्रामीण जवाहर वर्मा द्वारा सांत्वना सम्मानित पुरस्कार वितरण किया गया। सतीष वर्मा, जवाहर लाल, भुवन वर्मा, संतराम वर्मा, अनिल वर्मा, लक्ष्मीकांत वर्मा, शत्रुहान वर्मा, भूषण वर्मा, सहित समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

# चैतन्य झांकी देखने उमड़ी भीड़, दर्शन लाभ लेने दूर दराज से पहुंचे



**कसडोल।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कसडोल में पांच दिवसीय चैतन्य देवियों की झांकी सजाया गया है, जो 7 से 12 अक्टूबर यानी आज तक चलेगी। उल्लेखनीय है कि चौथे दिवस क्षेत्रीय कसडोल विधायक संदीप साहू कार्यक्रम में शिरकत की और इस दौरान दीप प्रज्वलित करके प्रजापिता ब्रम्हकुमारी द्वारा झांकी कार्यक्रम की सराहना किया। विधायक श्री साहू ने आगे कहां कि आज 5 मिंट स्थिर रहना बड़ा कठिन काम है, ऐसे दौर में राजयोग मेडिटेशन करके यहां 5 बहन देवियों के रूप में मौजूद है, जो निश्चितौर पर एक अनोखा और सहनशीलता वाला काम है, क्षेत्रीय विधायक संदीप साहू ने आगे कहा कि प्रजापिता ब्रम्हकुमारी संस्था द्वारा हमेशा अच्छा कुछ अनोखा कार्य किया जाता है, मैं हमेशा जब भी इनका कार्यक्रम होता है तो पहुंचता हूँ और हमेशा मानव सेवा का एक काम जन सेवा का काम इनके संस्था के माध्यम से होता है लोगो को एक सही रास्ता कैसे अपना जीवन जीना है और कैसे आगे बढ़ना है उसके बारे में इन संस्था के द्वारा उसके जो पर्सनाल्टी डेवलपमेंट का काम और उन लोगो को एक सही दिशा दिखाना जीवन का सही दिशा दिखाना किस ओर चलना है कैसे आप आगे अच्छा काम करते हुए लोगों की सेवा करते हुए कैसे आगे बढ़ सकते हैं इनके संस्था द्वारा तो जब भी मुझे दीदी इस संस्था में बुलाती है अच्छा लगता है और हमेशा पहुंचने का कोशिश करता हूँ साक्षात मैं पहली बार देखा कि खुद से माता स्वरूप में



हमारी दीदी जो सभी बैठी हुई है एक कठिन काम है की इस स्वरूप में 10 मिनट भी बैठना मुश्किल लेकिन इस अवसर में ये काफी घंटों से 6 से लेकर 10 बजे तक इस माता स्वरूप में बैठी है और सच मे माता की प्रतीक हैं, इसके अलावा संस्था की संचालिका बी के सीता ने कहा राजयोग मेडिटेशन से मनुष्य की आत्मा परमात्मा से कनेक्ट होता है, निराकार परमात्मा मनुष्य को शक्ति प्रदान करता है, संचालिका ने आगे कहा कि नवरात्रि में चैतन्य देवीओ का झांकी के माध्यम से यह दिखाया है कि जो कन्याएं राजयोग मेडिटेशन करके अंदर की एकग्रता की शक्ति कितनी आती हैं और जो देवी देवताओं शक्तियां है उसको अपनी जीवन में कैसे धारण करें तो ये कन्याए छोटी छोटी बच्चियां 6 बजे से 10 बजे तक बैठकर इतने देर से एकाग्र होकर बैठ रही राजयोग मेडीटेशन से ही कर पा रही है, हमारी संस्था बिस विंग की सेवा करती हैं आज समाज सेवा की कमी के अलावा मनुष्य आत्माओ में गुणो और शक्तिओ की कमी है जिसके कारण देश में कई प्रकार की घटनायें हो रही हैं और इस झांकी को देखकर अगर लोगो को ये प्रेरणा मिले कि हम भी उन देवी देवताओं गुणो को अपनी जीवन में धारण कर ले तो फिर से हमारा भारत वही सतयुगी स्वर्णिनम युग कहलायेगा। आपको बता दे कि प्रजापिता ब्रम्हकुमारी में चैतन्य देवियों की झांकी बनाया गया है, जिसमें मां दुर्गा, मां काली, मां सरस्वती, मां लक्ष्मी, मां उमा और ब्रह्माकुमारी की झांकी बनाया गया है। इस दौरान वर्षा शर्मा, लक्ष्मी साहू, चन्द्रप्रकाश साहू, वरिष्ठ पत्रकार भानु प्रताप साहू संस्था की संचालिका बी के सीता, बी के दुर्गेश्वरी, बीरसिग, रूपसिग, खिलावन केवट, आत्माराम, रविसेन, अरूण कुमार, साथ ही झांकी में बनी देवियों में कली माता गामिनी, सरस्वती शवेता, दुर्गा दिक्क्षा, लक्ष्मी लीलेशवरी, उमा दिव्यज्योती, ब्रह्माकुमारी रूहानी को बनाया गया था।



# विजयी दशमी पर 30 फीट रावण पुतला का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

शारदीय नवरात्रि पर विधि विधान से नौ दिनों तक मां जगत जननी दुर्गा माता की सुबह शाम श्रद्धालुओं ने महाआरती कर पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। नवमीं पर कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें व्यापारी एवं ग्रामीणजन राहगीरों ने बढ़चढ़ कर प्रसादी भंडारा में शामिल हुए और नौ दिनों तक मातारानी दुर्गा प्रतीमा की महिला, पुरूष, बच्चे सहित पंडित मुकेश शर्मा द्वारा पूजा पाठ और आरती नौ दिनों तक की गई। शनिवार 12 अक्टूबर को दशहरा उत्सव मनाया जायेगा, जिसमें सबसे पहले गांव में राम लक्ष्मण की बाजे गाजे के साथ झांकी निकाली जावेगी तथा भजन कीर्तन के साथ कर्मा नाच के साथ श्रीराम लक्ष्मण की झांकी गली मोहल्ले का भ्रमण कर सोन पत्ती तोड़कर दशहरा मैदान पहुंचेंगी। तत्पश्चात गढ़कुद होगा और उसके बाद में 30 फीट रावण दहन किया जायेगा। असत्य पर सत्य जीत होगी। रात्रिकालिन छत्तीसगढ़ी लोककला जहुरिया की प्रस्तुति होगी।

